# India after Independence (स्वतंत्रता के बाद)

**प्रश्न-अभ्यास**

**( पाठ्यपुस्तक से)**

**फिर से याद करें**

**प्रश्न 1.**
नवस्वाधीन भारत के सामने कौन सी तीन समस्याएँ थीं?
**उत्तर**
**आज़ाद भारत की बड़ी चुनौतियाँ।**

1. विभाजन की वजह से 80 लाख शरणार्थी पाकिस्तान से भारत आ गए थे। इन लोगों के लिए रहने तथा रोजगार का इंतजाम करना था।
2. करीब 500 रियासतें राजाओं या नवाबों के शासन में चल रही थीं। इन सभी को नए राष्ट्र में शामिल होने के लिए तैयार करना बहुत मुश्किल काम था।
3. लोगों को एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था प्रदान करना जिसके द्वारा उनकी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके।

**प्रश्न 2.**
योजना आयोग की क्या भूमिका थी?
**उत्तर**
**योजना आयोग की भूमिका**

1. आर्थिक विकास के लिए नीतियाँ बनाना और उनको लागू करना।
2. कौन से उद्योग सरकार द्वारा और कौन से उद्योग निजी उद्योगपतियों द्वारा लगाए जाएँगे। यह निश्चित करना योजना आयोग का काम था।
3. विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों के बीच किस तरह का संतुलन बनाया जाएगा। इसको परिभाषित करना योजना आयोग का काम था।

**प्रश्न 3.**
रिक्त स्थान भरें :
**(क)** केंद्रीय सूची में ………….. और …………….. विषय रखे गए थे। .
**(ख)** समवर्ती सूची में …………… और …………….. विषय रखे गए थे।
**(ग)** वह आर्थिक योजना जिसमें सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों को विकास में भूमिका दी गई थी, उसे …………….. मॉडल कहा जाता था।
**(घ)** ………………. की मृत्यु से इतना ज़बरदस्त आंदोलन पैदा हुआ कि सरकार को आंध्र भाषी राज्य के गठन की माँग को मानना पड़ा।
**उत्तर**
**रिक्त स्थान-**

**(क)** कराधान, रक्षा, विदेशी मामले।।
**(ख)** वन, कृषि।
**(ग)** मिश्रित।
**(घ)** पोट्टी श्रीरामुलु।

**प्रश्न 4.**
सही या गलत बताएँ :
**(क)** आज़ादी के समय ज्यादातर भारतीय गाँवों में रहते थे।
**उत्तर**
सही

**(ख)** सविधान भाषा कांग्रेस पार्टी के सदस्यों से मिलकर बनी थी।
**उत्तर**
गलत

**(ग)** पहले राष्ट्रीय चुनावों में केवल पुरुषों को ही वोट डालने का अधिकार दिया गया था।
**उत्तर**
गलत

**(घ)** दूसरी पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया था।
**उत्तर**
सही

**आइए विचार करें**

**प्रश्न 5.**
“राजनीति में हमारे पास समानता होगी और सामाजिक व आर्थिक जीवन में हम असमानता की राह पर चलेंगे” कहने के पीछे डॉ. अंबेडकर का क्या आशय था?
**उत्तर**
**अंबेडकर का आशय**

1. राजनीतिक लोकतंत्र के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र भी ज़रूरी है। यानी जीवन में समानता भी ज़रूरी है।
2. लोगों को वोट डालने का अधिकार दे देने से अमीर-गरीब या ऊँची और नीची जातियों का अंतर अपने आप खत्म नहीं हो जाएगा।
3. राजनीति में हम एक व्यक्ति, एक वोट और एक मूल्य के सिद्धांत का पालन करेंगे। इसके विपरीत अपनी सामाजिक एवं आर्थिक संरचना के फलस्वरूप हम सामाजिक और आर्थिक जीवन में एक व्यक्ति, एक मूल्य के सिद्धांत का निषेध करते रहेंगे।

**प्रश्न 6.**
स्वतंत्रता के बाद देश को भाषा के आधार पर राज्यों में बाँटने के प्रति हिचकिचाहट क्यों थी?

evidyarthi

**उत्तर**
**हिचकिचाहट के कारण**

1. भारत धर्म के आधार पर बँट चुका था। देश विभाजन के कारण हिंदुओं और मुसलमानों के बीच हुए। भीषण दंगों में 10 लाख से ज्यादा लोग मारे गए थे ऐसे में चिंता स्वाभाविक थी।
2. भाषा के आधार पर हमारा देश दूसरा बँटवारा नहीं झेल सकता था इसलिए चिंता स्वाभाविक थी।
3. प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उप-प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल दोनों ही देश के भाषा के आधार पर दूसरे विभाजन के डर से भाषा के आधार पर राज्यों के गठन की नीति के विरोधी थे।

**प्रश्न 7.**
एक कारण बताइए कि आज़ादी के बाद भी भारत में अंग्रेज़ी क्यों जारी रही?
**उत्तर**
**भारत में अंग्रेजी जारी रहने का कारण**

1. बहुत सारे लोगों का मानना था कि अंग्रेजों के साथ अंग्रेजी भाषा को भी विदा कर दिया जाना चाहिए और अंग्रेजी का स्थान हिंदी को दिया जाना चाहिए।
2. परंतु जो लोग हिंदी नहीं बोलते थे उनकी राय थी कि अगर उन पर हिंदी थोपी गई तो दक्षिण भारतीय गैर-हिंदी भाषी क्षेत्र भारत से अलग हो जाएँगे।
3. देश को विवाद से बचाने के लिए संविधान निर्माताओं ने हिंदी को "राजभाषा" का दर्जा दिया, जबकि अदालतों सेवाओं, विभिन्न राज्यों के बीच संचार आदि के लिए अंग्रेजी भाषा के इस्तेमाल का फैसला लिया।

**प्रश्न 8.**
आज़ादी के बाद प्रारंभिक दशकों में भारत के आर्थिक विकास की कल्पना किस तरह की गई थी?
**उत्तर**
**आर्थिक विकास की कल्पना**

1. भारत और भारतीयों को गरीबी से मुक्त करना।
2. आधुनिक तकनीकी एवं औद्योगिक आधार निर्मित करना।
3. विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों के बीच किस तरह का संतुलन बनाया जाएगा। आइए करके देखें

**प्रश्न 9.**
मीरा बहन कौन थीं? उनके जीवन और आदर्शों के बारे में पता लगाएँ।
**उत्तर**

1. मीरा बहन (22 नवंबर 1892-20 जुलाई 1982) एक ब्रिटिश एडमिरल की बेटी थी। उनका वास्तविक नाम मेडलिन स्लेड था।।
2. वह गांधीजी की बेटी जैसी थी। उसने गांधीजी के साथ रहने तथा काम करने के लिए इंग्लैंड का अपना घर छोड़ दिया।
3. मीरा बहन ने अपना जीवन मानव विकास, गांधीजी के सिद्धांतों के प्रचार तथा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें 1982 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

evidyarthi

**प्रश्न 10.**
पाकिस्तान में भाषा के आधार पर हुए उन विवादों के बारे में और पता लगाएँ जिनकी वजह से बांगलादेश का जन्म हुआ। बांगलादेश को पाकिस्तान से आज़ादी कैसे मिली? ।
**उत्तर**
**बांगलादेश को जन्म**

1. 1947 में पाकिस्तान के दो भाग थे-एक भारत के पश्चिम में और दूसरा भारत के पूर्व में था। दोनों भागों का सांस्कृतिक भौगोलिक एवं भाषायी आधार अलग था। |
2. 1948 में पाकिस्तान सरकार द्वारा उर्दू को राष्ट्र भाषा के रूप में स्वीकार करने के कारण पूर्वी पाकिस्तान के बंगाली बोलने वाले लोगों ने इसका विरोध किया।
3. भाषायी विभेद के अतिरिक्त, राजनीतिक एवं आर्थिक उपेक्षा के कारण पश्चिमी पाकिस्तान के विरुद्ध पूर्वी पाकिस्तान में व्यापक विद्रोह शुरू हो गया।
4. 1971 में पूर्वी पाकिस्तान ने स्वतंत्रता के लिए पश्चिमी पाकिस्तानी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी और भारतीय सैनिकों की सहायता से 16 दिसंबर 1971 को पूर्वी पाकिस्तान की जीत हुई तथा बांगलादेश का जन्म हुआ।
5. फरवरी 1974 को पाकिस्तान ने भी बांगलादेश को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी।

evidyarthi